रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22022025-261234
CG-DL-E-22022025-261234

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 869] नई दिल्ली, बुधवार, फरवरी 19, 2025/माघ 30, 1946
No. 869] NEW DELHI, WEDNESDAY, FEBRUARY 19, 2025/MAGHA 30, 1946

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 फरवरी, 2025

का.आ. 875(अ).—प्रारूप अधिसूचना, भारत के राजपत्र, असाधारण, संख्यांक का.आ. 1780(अ), तारीख 24 अप्रैल, 2024, द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमे ऐसे सभी व्यक्तियों से जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध कारा डी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और उक्त प्रारूप अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को 24 अप्रैल, 2024 को उपलब्ध करा दी गई थी;

और उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई भी आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं;

और शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य राजस्थान के बारान जिले के अतरू और छिपाबरौद तहसील में स्थित है और यह अभयारण्य 24°37' से 24°45' उत्तरी अक्षांशों और 76°27' से 76°35' पूर्वी देशांतरों के बीच स्थित है और इसकी घोषणा अधिसूचना संख्यांक एफ. 11(35) राजस्थान/ग्रुप-8/83, तारीख 30 जुलाई, 1983 के अधीन की गई है। यह **98.80 वर्ग किलोमीटर** क्षेत्रफल में फैला हुआ है और बारान जिले से 65 किलोमीटर और कोटा जिले से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

और शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य अपना पारस्थितिकी महत्व रखता है, यह उत्तर पूर्वी भाग के सिवाय पूर्णतया वन क्षेत्रों से घिरा हुआ है और इस अभयारण्य को परवान नदी द्वारा दो भागों में विभाजित करती है, जो कि इसकी जीवन

रेखा का कार्य भी करती है। नदी तल में कई गर्त हैं जो मगरमच्छों और अन्य जलीय जीवरुपों के लिए आदर्श वास प्रदान करते हैं।

और इस अभयारण्य में ऐसे छोटे और बड़े वास हैं जो विविध प्रकार के औषधीय पौधों के साथ-साथ इस क्षेत्र की प्रचुर स्थानिक वनस्पति और जीवजंतु को आश्रय प्रदान करते हैं और अभयारण्य के निकटतम परवान नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक शेरगढ़ किला पारिस्थितिकी-पर्यटन की दृष्टि से इस के महत्व को और बढ़ाता है।

और शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य बाघ (पैंथेरा टाइग्रिस), स्लॉथ भालू (उर्सस थिबेटनस), सांभर (रूसा यूनिकलर), चीतल (एक्सिस अक्ष), ब्लैक बक (एंटीलोप सर्विकाप्रा), लकड़बग्घा (हएना हयाना), सियार जैसे जंगली जानवरों के लिए अच्छा वास प्रदान करता है। (कैनिस ऑरियस), लोमड़ी (वुल्पेस बेंगालेंसिस), नीलगाय (बोसेलाफस ट्रैगोकैमेलस), सिवेट, हनुमान लंगूर (सेम्नोपिथेकस एंटेलस), जंगली बिल्ली (फेलिस चाउस), आदि और अभयारण्य में तेंदुआ (पेंथेरा पार्डस), भारतीय भेड़िया (कैनिस लूपस पैलिप्स), काला हिरन (एंटीलोप सर्विकाप्रा), चिंकारा (गजेला गजेला बेनेट्टी), बड़ी बंगाल मॉनिटर छिपकली (वारनस बंगालेंसिस), अजगर, मोर (पावो क्रिस्टेटस) और गिद्ध (जिप्स प्रजाति) जैसे लुप्तप्राय जंगली जानवर भी पाये जाते हैं।

और अभयारण्य में ढोक (एनोजीसस पेंडुला), धावड़ा (एनोजीसस लैटिफोलिया), खैर (अकेसिया कैटेचू), खांकरा (ब्यूटिया मोनोस्पर्मा), महुवा (मधुका इंडिका), बिल (एगल मार्मेलोस), सागवान (टेक्टोना ग्रैंडिस), कोहड़ा (टर्मिनलिया अर्जुन), बबूल एसपीपी, डेंड्रोकलामस स्ट्रिक्टस, खजूर (फीनिक्स सिल्वेस्ट्रिस), कलालम (मित्राग्यना परविफ्लोरा), कडाया (स्टरकुलिया यूरेन्स), बोर्डी (ज्यजिफस मॉरिटियाना), ज्यजिफस ज़ुजुबा, आदि प्रमुख वृक्ष प्रजातियाँ हैं।

और, पारिस्थितिकी, जैव विविधता और पर्यावरणीय दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र को संरक्षित और सुरक्षित करना आवश्यक है, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों के प्रचालन या प्रसंस्करण या उद्योगों के वर्गों का प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमें इसके पश्चात् इस अधिसूचना में पर्यावरण अधिनियम के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) और उप-धारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान राज्य के शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर **1** किलोमीटर से **17** किलोमीटर तक के विस्तृत क्षेत्र को शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् इस अधिसूचना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके ब्यौरें निम्नलिखित है, अर्थात्:-

1. **शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं- (1)** यह पारिस्थितिकी-संवेदी जोन वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के आसपास **1.0** किलोमीटर से **17.0** किलोमीटर के विस्तार सहित **348.60** वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल मे फैला हुआ है और विभिन्न दृष्टि से इस पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के ब्यौरें इस प्रकार है:

उत्तर	17.00 किलोमीटर
उत्तर- पूर्व	1.00 किलोमीटर
पूर्व	13.00 किलोमीटर
दक्षिण- पूर्व	6.80 किलोमीटर
दक्षिण	11.80 किलोमीटर
दक्षिण- पश्चिम	3.16 किलोमीटर
पश्चिम	5.30 किलोमीटर
उत्तर- पश्चिम	2.29 किलोमीटर

(2) इस पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण जिले और राज्य मानचित्र पर संरक्षित क्षेत्र पारिस्थितिकी संवेदी जोन के स्थान के साथ क्रमशः **उपाबंध -I क** और **उपाबंध -I ख** के रूप में संलग्न है।

(3) टोपोशीट पर आच्छादित पारिस्थितिकी संवेदी जोन को दर्शाने वाला मानचित्र **उपाबंध - II** के रूप में संलग्न है।

(4) वन खंड सीमा ब्यौरें सहित पारिस्थितिकी संवेदी जोन और वन्यजीव अभयारण्य के भू-निर्देशांकों को दर्शाने वाला मानचित्र **उपाबंध - IIक** के रूप में संलग्न है।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और वन्यजीव अभयारण्य सीमा को दर्शाने वाली गूगल अर्थ इमेजरी पर दर्शाये गए भू-निर्देशांकों सहित भू-उपयोग एवं भू-कवर मानचित्र **उपाबंध - IIख** और **उपाबंध - IIग** के रूप में संलग्न है।

(6) शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अक्षांश और देशांतर को **उपाबंध - III** में दर्शाया गया है।

(7) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों सहित पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध - IV** के रूप में संलग्न है।

(8) इस अभयारण्य में पाए जाने वाले वनस्पतियों (सारणी क), स्तनधारियों (सारणी ख), पक्षियों (सारणी ग) और सरीसृपों (सारणी घ) की सूची **उपाबंध -V** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना –

(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति में इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हैं तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप और केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों यदि कोई हों, के अनुसार तैयार होगी।

(3) आंचलिक महायोजना जिससे कि इसमें पारिस्थितिकी और पर्यावरण सम्बंधी विषयों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिचांई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना में अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्वंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी-अनुकूल हो, का संवर्धन करेगी।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा

पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे।

(6) आंचलिक महायोजना विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों से अनुसमर्थित मानचित्र के साथ सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, उपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्रों जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्रों, फलोंउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यंकन करेगी।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और पैराग्राफ 4 के अधीन सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की आजीविका की सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(8) यह आंचलिक महायोजना, प्रादेशिक विकास योजना की सह-विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मॉनीटरी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए मॉनीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय. -** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्: -

(1) **भू-उपयोग. –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए अभिज्ञात उद्यानों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नही होगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर उपर्युक्त भाग में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न किसी अन्य प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मॉनीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम एवं केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग सहित ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, और स्थानीय सुविधाएं जिसके अंतर्गत गृह वास सम्मिलित; और

(v) पैराग्राफ-4 के अधीन दिए गए दिए गए संवर्धित क्रियाकलापः

परंतु यह और कि राज्य सरकार अनुमोदन के बिना एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, जिसका अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक और औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि के उपयोग की अनुज्ञा नहीं होगी:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर आने वाली भूमि के अभिलेखों में उपसंज्ञात किसी त्रुटि को, मॉनीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जा सकेगा और उक्त त्रुटि को सुधारे जाने की सूचना केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि हरित क्षेत्र जैसे वन क्षेत्र और कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी तथा वनरोपण और आवास पुनर्स्थापन क्रियाकलाप के माध्यम से अप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत और प्रपात.** - आंचलिक महायोजना में आने वाले सभी प्राकृतिक जलमार्गों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा जल आवाह प्रबंधन योजना ऐसी रीति से बनाई जाएगी कि उसमें आवाह क्षेत्रों में विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया गया हो ।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन. –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन ke भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए पर्यटन महायोजना के अनुसार होगा।

(ख) पर्यटन महायोजना, राज्य के पर्यावरण और वन विभागों के परामर्श से राज्य के पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें से जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजॉर्ट का नया निर्माण को अनुज्ञात नहीं किया जाएगाः

परंतु यह भी कि, इस संरक्षित क्षेत्र की सीमा रेखा से 1 किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, किसी नये होटलों और रिजॉर्ट के निर्माण की कोई भी अनुज्ञा पर्यटन महायोजना के अनुसार तथा पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में ही दी जाएगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना को तैयार और अनुमोदित किए जाने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मॉनीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी नए होटल, रिजॉर्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(4) **नैसर्गिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में बहुमूल्य नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार अनुपालन किया जाएंगा।

(7) **वायु प्रदूषण.** - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14), और पर्यावरण अधिनियम तथा तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सरण.** - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) तथा पर्यावरण अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट. -** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा: -

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के द्वारा प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा;

(ख) अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों, 2016 के अनुसार से बाहर अभिज्ञात किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा।

(ग) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट के निरापद और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव-चिकित्सा अपशिष्ट.** - जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा: -

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन का निपटान, केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय-यातायात.-** यानीय-यातायात को पर्यावास-अनुकूलन रीति से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, मॉनीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और तद्धीन बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार यानीय-यातायात के अनुपालन की मॉनीटरी करेगी।

(15) **यानीय प्रदूषण. –** यानीय प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन उदाहरण के लिए संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तद्धीन बनाए गए नियमों, जिसमें तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 एवं पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना (ईआईए), 2006 भी है, सहित वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) अन्य लागू नियमों के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

क्रम सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और भ्रन्जक इकाइयां।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं, जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और भ्रन्जक इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन कार्य 1995 के डब्ल्यू.पी.(सी) सं. 202 में टी.एन. गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम यूओआई और 2012 के डब्ल्यू.पी. (सी) का सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम यूओआई के मामले में और 2003 के आईए सं. 1000 के निर्णय, दिनांक 03-06-2022 और उसके बाद 2022 का आईए सं. 131377 के निर्णय दिनांक 26-04-2023 और 28-04-2023 में आये उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार किया जाएगा।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगीः परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जा सकेगा और इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	प्रतिषिद्ध।
4.	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना।	प्रतिषिद्ध।
5.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का उपयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण।	प्रतिषिद्ध।
6.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण।	प्रतिषिद्ध।
7.	नई पवन चक्कियों का निर्माण।	प्रतिषिद्ध।
8.	ईंट भट्टों तथा नई आरा मिलों की स्थापना।	प्रतिषिद्ध।
9.	फर्मों, कॉर्पोरेट और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन और कुक्कुट फार्म की स्थापना।	प्रतिषिद्ध। परंतु यह कि स्थानीय किसानों द्वारा अपनी आजीविका के निर्वाह के लिए केवल छोटे पैमाने के कुक्कुट फार्म ही स्थापित किए जाएंगे।

ख.विनियमित क्रियाकलाप		
10.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना की अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुज्ञा होगी ।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संनिर्माण करने की अनुज्ञा भवन उपविधियों के अनुसार दी जा सकेगी: परन्तु यह और कि ऐसे गैर -प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे। (ख) एक किलोमीटर से परे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी समय-समय पर संशोधित उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की अपनी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
13.	वृक्षों की कटाई ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं की जा सकेगी । (ख) वृक्षों की कटाई तत्समय प्रवृत्त सुसंगत विधि के उपबंधों अनुसार विनियमित होगी।
14.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों (एनटीएफपी) का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
15.	प्राकृतिक जल निकायों या भू-क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का जल निकायों में निस्सारण नहीं होने दिया जायेगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे, अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

16.	स्थानीय समुदायों द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ दुग्धशाला, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय समुदाय के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
17.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा और भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
18.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
20.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
21.	पॉलीथिन बैग का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
22.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उड़ाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
	ग.संवर्धित क्रियाकलाप	
23.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
24.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
25.	सभी क्रियाकलापों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
26.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
27.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर ऊर्जा इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
28.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
29.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
30.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन अधिसूचना की मॉनीटरी के लिए मॉनीटरी समिति.- केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के प्रावधानों की प्रभावी मॉनीटरी के लिए मॉनीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(i)	जिला कलेक्टर, बारान	अध्यक्ष, पदेन;
(ii)	पुलिस अधीक्षक, बारान	सदस्य, पदेन;
(iii)	अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बारान	सदस्य, पदेन;
(iv)	उप-संभागीय मजिस्ट्रेट, खानपुर, जिला झालवाड़	सदस्य, पदेन;
(v)	जिला स्तरीय नगर योजना अधिकारी, बारान	सदस्य, पदेन;
(vi)	क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कोटा	सदस्य, पदेन;
(vii)	मानद वन्यजीव वार्डन	सदस्य, पदेन;
(viii)	प्रधान, पंचायत समिति, अतरू	सदस्य, पदेन;
(ix)	पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र से एक विशेषज्ञ को राज्य सरकार द्वारा तीन वर्ष से अधिक के कार्यकाल के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा और समय-समय पर नवीनीकृत किया जाएगा	सदस्य;
(x)	जैव विविधता के क्षेत्र से एक विशेषज्ञ को राज्य सरकार द्वारा तीन वर्ष से अधिक के कार्यकाल के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा और समय-समय पर नवीनीकृत किया जाएगा	सदस्य;
(xi)	उप-संभागीय अधिकारी, अतरू	सदस्य, पदेन;
(xii)	उप-वन संरक्षक, बारान	सदस्य, पदेन;
(xiii)	उप-वन संरक्षक वन्यजीव, कोटा	सदस्य-सचिव, पदेन।

IndiaCode

6. मॉनीटरी समिति के कार्य: - (1) मॉनीटरी समिति इस अधिसूचना के प्रावधानों के अनुपालन की मॉनीटरी करेगी।

(2) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1553 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची मे सम्मिलित है और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के मॉनीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय या यथास्थिति, राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकारी को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो उपपैरा (2) में निर्दिष्ट अधिसूचना की अनुसूची में सम्मिलित नहीं हाँ और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के मॉनीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे सम्बद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) मॉनीटरी समिति के सदस्य-सचिव या संबंधित कलेक्टर या संबंधित उप वन संरक्षक पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध शिकायत फाइल करने के लिए सक्षम होंगे।

(5) मॉनीटरी समिति मामला-दर मामला के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए सम्बद्ध विभाग के प्रतिनिधि या विशेषज्ञ, औद्योगिक संगमों या पणधारियों के प्रतिनिधि को अपने विचार-विमर्श में सहायत के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(6) मॉनीटरी समिति में विनिर्दिष्ट निदर्शन पत्र प्रत्येक वर्ष के 31 मार्च तक की अवधि के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उस वर्ष के 30 जून तक राज्य के मुख्य वन्यजीव संरक्षक को **उपाबंध -VI** प्रस्तुत करेगी।

(7) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मॉनीटरी समिति को उसके कार्य-कलापों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे।

7. **अतिरिक्त उपाय**. - इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

[फा. सं. 25/58/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ एस केरकेट्टा, वैज्ञानिक-जी

उपाबंध - I क


शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

1	2
उत्तर	उत्तर दिशा में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा संरक्षित क्षेत्र की सीमा से लगभग 17 किलोमीटर पर स्थित है। शेरगढ़ अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा कोटा संभाग के बारापती बापावार वन खण्ड की बाहरी सीमा और बारान संभाग के बारापती बी वन खण्ड की बाहरी सीमा के साथ-साथ चलती है।
उत्तर-पूर्व	आईडी बिंदु 10 से बाडोरा ग्राम से लक्ष्मीपुरा तक और बारखेदी ग्राम तक, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर दूर है, पुनः यह संरक्षित क्षेत्र के आईडी बिंदु 21 तक जाती है।
पूर्व	पारिस्थितिकी संवेदी जोन की बाहरी सीमा संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 13.00 किलोमीटर के आस-पास है। यह आईडी बिंदु 13 से आईडी बिंदु 15 तक वन खण्ड खेराई मोतीपुरा, अमलावदा, मोतीपुरा कुण्डली और राई बी की बाहरी सीमा सहित जाती है। यह नरसिंहपुरा, निनथूर, शेरगढ़, करसालिया (केरवालिया), अमलावदा और कल्याणपुरा, चारपुरा, गुंदलाई आदि ग्रामों को कवर करता है। यह वन भूमि के साथ-साथ राजस्व भूमि को भी कवर करता है। राजस्व भूमि में मुख्यतः कृषि और बंजर भूमि है।
दक्षिण- पूर्व	पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र दक्षिण-पूर्व दिशा में आईडी बिंदु 17 से 19 तक 6.80 किलोमीटर जाती है। यह वन खण्ड राई बी की बाहरी सीमा सहित जाती है और आईडी बिंदु 19 में वन खण्ड बीलेन्दी की सीमा पर पहुंचती है। इस दिशा में सारंग खेडा, गुर्जरखेडी, जोधपुर, मोखामपुरा, माधोपुरा, पचकुई ग्राम आते हैं। ग्रामों के निकट भूमि मुख्यतः कृषि और बंजर भूमि है।
दक्षिण	इस दिशा में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन आईडी बिंदु 19 से 20 तक 11.80 किलोमीटर के आस-पास जाती है। यह वन खण्ड बिलेन्दी की बाहरी सीमा सहित जाती है और आईडी बिंदु 20 और इस बिंदु से बिंदु 21 से बिंदु 1 एवं 2 तक पहुंचती है। दक्षिण दिशा में, ग्राम अर्थात् कानवादिया, हाथोली, हाथोला, महुआखेडा, अखवाद खुर्द, अखवाद कलां, खेरखेडा, पिपलिया, मालोनी और भिलखेडा हैं।
दक्षिण - पश्चिम	इस दिशा में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन पारिस्थितिकी संवेदी जोन की आईडी बिंदु 1 में 3.16 किलोमीटर तक जाती है। यह बिंदु 2,3 सहित हाथोला, अखवाद खुर्द, महुआखेडा, भूतारदा की सीमा सहित पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत कोधया और भरतपुर ग्रामों के बीच जाती है।
पश्चिम	इस दिशा में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की आईडी बिंदु 4 से आईडी बिंदु 5 तक 5.30 किलोमीटर तक जाती है। यह वन खण्ड अखवाद खुर्द और पीपलज़ बारापती की बाहरी सीमा सहित जाती है। इस क्षेत्र में, किसानपुरा, बोसार और खेदी ग्राम पड़ते है।

उत्तर- पश्चिम	पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा आईडी बिंदु 7 से इस दिशा में 2.29 किलोमीटर तक जाती है। यह बारान संभाग के वन खण्ड के बारापती बी की बाहरी सीमा सहित और आईडी बिंदु 17 कोटा संभाग के बापावार बारापती वन खण्ड की बाहरी सीमा सहित जाती है। इस क्षेत्र में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सिर्फ एक ग्राम स्थित है और वह है - दुर्जनपुरा।

उपाबंध - I ख


जिला और राज्य मानचित्र पर वन्यजीव अभयारण्य का अवस्थान



The Location of PA/ESZ on a District/State Map


उपाबंध – II

शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन को दर्शाने वाला भारतीय सर्वेक्षण टोपोशीट मानचित्र




उपाबंध – IIक

वन खंड सीमा सहित पारिस्थितिकी संवेदी जोन और वन्यजीव अभयारण्य के भू–निर्देशांकों को दर्शाने वाला मानचित्र




उपाबंध -11ख

पारिस्थितिकी संवेदी जोन और वन्यजीव अभ्यारण्य सीमा के भू-निर्देशांकों सहित भू-उपयोग एवं भू-कवर मानचित्र



उपाबंध –IIग

गूगल अर्थ बिम्ब विधान पर पारिस्थितिकी संवेदी जोन और वन्यजीव अभयारण्य की सीमा दर्शाने वाला मानचित्र



उपाबंध - IIIक

शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के सीमा बिंदुओं के भू-निर्देशांक		
क्र.सं.	**अक्षांश**	**देशांतर**
1	24° 38' 56.318" उ	76° 29' 22.329" पू
2	24° 41' 42.310" उ	76° 27' 51.581" पू
3	24° 44' 43.966" उ	76° 26' 44.784" पू
4	24° 45' 41.369" उ	76° 29' 0.666" पू
5	24° 43' 47.900" उ	76° 31' 33.759" पू
6	24° 42' 20.975" उ	76° 32' 4.659" पू
7	24° 40' 16.793" उ	76° 33' 38.147" पू
8	24° 37' 28.599" उ	76° 31' 16.878" पू
9	24° 39' 33.416" उ	76° 31' 47.660" पू

उपाबंध - IIIख

प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा के भू-निर्देशांक		
क्र.सं.	**अक्षांश**	**देशांतर**
1	24° 33' 35.715" उ	76° 30' 16.851" पू
2	24° 36' 40.667" उ	76° 27' 17.727" पू
3	24° 39' 10.481" उ	76° 25' 32.257" पू
4	24° 40' 17.033" उ	76° 26' 6.774" पू
5	24° 42' 30.064" उ	76° 26' 23.007" पू
6	24° 46' 45.332" उ	76° 25' 9.018" पू
7	24° 49' 54.428" उ	76° 25' 11.909" पू
8	24° 54' 36.637" उ	76° 26' 13.413" पू
9	24° 51' 49.820" उ	76° 27' 56.827" पू
10	24° 46' 59.260" उ	76° 29' 20.261" पू
11	24° 45' 15.522" उ	76° 30' 28.898" पू
12	24° 43' 3.179" उ	76° 33' 36.857" पू
13	24° 45' 26.365" उ	76° 34' 43.403" पू
14	24° 43' 8.280" उ	76° 37' 5.579" पू
15	24° 44' 13.029" उ	76° 41' 2.647" पू
16	24° 42' 2.931" उ	76° 38' 35.454" पू
17	24° 39' 40.955" उ	76° 38' 55.989" पू
18	24° 35' 28.213" उ	76° 36' 21.415" पू
19	24° 32' 5.454" उ	76° 37' 13.711" पू
20	24° 32' 46.405" उ	76° 33' 49.597" पू
21	24° 34' 4.077" उ	76° 32' 41.180" पू

IndiaCode

उपाबंध - IV

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम अवस्थान के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची

क्र.सं.	ग्राम का नाम	ग्राम पंचायत	तहसील/तालुका	जिला	भू-निर्देशांक (डीएमएस प्रारूप)	
					अक्षांश (उ)	देशांतर (पू)
1	शेरगढ़	शेरगढ़	अतरु	बारान	उ 24°42'30.89"	पू 76°32'31.49"
2	नीमथूर	केरवालिया	अतरु	बारान	उ 24°42'35.00"	पू 76°33'24.00"
3	नरसिंहपुरा	केरवालिया	अतरु	बारान	उ 24°43'00.00"	पू 76°33'57.00"
4	करसलिया-केरवालिया	अमलावदा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°42'20.18"	पू 76°34'12.16"
5	अमलावदा अली	अमलावदा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°41'41.00"	पू 76°34'05.00"
6	कल्याणपुरा	अमलावदा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°40'48.77"	पू 76°33'52.48"
7	गुंदलाई	अमलावदा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°40'19.40"	पू 76°34'51.03"
8	चारपुरा	अमलावदा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°40'22.37"	पू 76°36'44.19"
9	सारंगखेड़ा	अमलावदा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°38'55.85"	पू 76°35'47.54"
10	जोधपुरा	अमलावदा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°38'55.47"	पू 76°35'47.00"
11	गुर्जर खेड़ी	अमलावदा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°38'40.79"	पू 76°34'29.90"
12	मोखमपुरा	मोखमपुरा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°38'02.12"	पू 76°34'34.97"
13	माधोपुर	मोखमपुरा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°36'52.51"	पू 76°34'32.45"
14	पंचकुई	अमलावदा	छिपाबरौद	बारान	उ 24°36'48.00"	पू 76°35'29.00"
15	कोडक्या	सोजपुर	खानपुर	झालवाड़	उ 24°38'02.54"	पू 76°29'08.81"
16	भरतपुर	सोजपुर	खानपुर	झालवाड़	उ 24°39'00.00"	पू 76°28'48.00"
17	खेड़ी	सोजपुर	खानपुर	झालवाड़	उ 24°39'39.82"	पू 76°27'57.81"
18	बोसेर	सोजपुर	खानपुर	झालवाड़	उ 24°36'00.02"	पू 76°29'23.50"
19	किशनपुरा	शेरगढ़	अतरु	बारान	उ 24°40'17.00"	पू 76°28'51.00"
20	बारापटी	शेरगढ़	अतरु	बारान	उ 24°40'17.00"	पू 76°28'51.00"
21	दुर्जनपुरा	बैसार	खानपुर	झालवाड़	उ 24°46'09.04"	पू 76°25'20.18"
22	नयागांव-ठकुरन	बैसार	खानपुर	झालवाड़	उ 24°44'32.43"	पू 76°26'9.67"
23	बदौरा	बदौरा	अतरु	बारान	उ 24° 45' 29.31"	पू 76° 29' 36.08"
24	लक्ष्मीपुरा	शेरगढ़	अतरु	बारान	उ 24° 44' 32.03"	पू 76° 31' 8.35"
25	रायपुरिया	बदौरा	अतरु	बारान	उ 24° 44' 46.73"	पू 76° 30' 38.16"
26	नारायणपुरा	बदौरा	अतरु	बारान	उ 24° 44' 35.78"	पू 76° 30' 59.44"
27	हरिपुरा	शेरगढ़	अतरु	बारान	उ 24° 43' 35.82"	पू 76° 32' 7.57"
28	बरखेड़ी	शेरगढ़	अतरु	बारान	उ 24° 43' 36.59"	पू 76° 32' 20.98"
29	कांवडिया	शेरगढ़	अतरु	बारान	उ 24° 43' 48"	पू 76° 31' 35"

IndiaCode

30	अकावदखुर्द	अकावदखुर्द	खानपुर	झालवाड़	24° 38' 56.318"	76° 29' 22.329"
31	अकावद कलां	अकावदखुर्द	खानपुर	झालवाड़	24° 41' 42.310"	76° 27' 51.581"
32	हटोली	अकावदखुर्द	खानपुर	झालवाड़	24° 44' 43.966"	76° 26' 44.784"
33	हटोला	अकावदखुर्द	खानपुर	झालवाड़	24° 45' 41.369"	76° 29' 0.666"
34	महुवाखेड़ा	अकावदखुर्द	खानपुर	झालवाड़	24° 43' 47.900"	76° 31' 33.759"
35	खेरखेड़ा	बरेडा	खानपुर	झालवाड़	24° 42' 20.975"	76° 32' 4.659"
36	पिपल्या	अजनावर	छिपाबरौद	बारान	24° 40' 16.793"	76° 33' 38.147"
37	मैलोनी	धनौदाकलां	खानपुर	झालवाड़	24° 37' 28.599"	76° 31' 16.878"
38	भिलखेरा	बरेडा	खानपुर	झालवाड़	24° 39' 33.416"	76° 31' 47.660"

उपाबंध - V

सारणी-क: वृक्षों, झाड़ियों, जड़ी-बूटियों और पौधों की सूची

वृक्ष

क्र.सं.	वानस्पतिक नाम	सामान्य नाम	कुल
1.	*अकासिआ काटेचु*	खैर	मिमोसासी
2.	*अकासिआ ल्यूकोफ्लोईआ*	रोंझ	मिमोससी
3.	*अकासिआ निलोटिका*	देसी बबुल	मिमोससी
4.	*अकासिआ सेनेगल*	कुमटा	मिमोससी
5.	*एडिना कॉर्डिफ़ोलिया*	हल्दू	रुबिआसी
6.	*एगल मार्मेलोस*	बिल	रूटासी
7.	*ऐलेन्थस एक्सेलसा*	अर्दु	सिमरौबासी
8.	*एलैंगियम साल्विफोलियम*	अंकोल	अलंगियासी
9.	*अल्बिज़िया लेब्बेक*	काला सिरिस	मिमोससी
10.	*अल्बिजिया ओडोराटिस्सिमा*	सफेद सिरिस	मिमोससी
11.	*अल्बिजिया प्रोसेरा*	सफेद सिरिस	मिमोससी
12.	*एनोना सीक्वामोसा*	सीताफल	एनोनासी
13.	*एनोजीसस लैटिफोलिआ*	धावड़ा	कॉम्ब्रेटासी
14.	*अज़ाडिराचटा इंडिका*	नीम	मेलियासी
15.	*बालानाइट्स एजिप्टिका*	हिंगोट	बालानिटेसी
16.	*बौहेनिया वेरिएगाटा*	कचनार	कैसलपिनियासी
17.	*बौहेनिया रिसेमोसा*	झिंझा	कैसलपिनियासी
18.	*बॉमबैक्स सोईबा*	सेमल	बॉम्बेकेसी
19.	*बोसवेलिआ सेर्राटा*	सालार	बरसेरेसी

IndiaCode

20.	*ब्रिडेलिया रेटुसा*	आसन, लम्पन	यूफोर्बिएसी
21.	*ब्यूटिया मोनोस्पर्मा*	खानकरा; चीला	पैपिलिओनेसी
22.	*कैसिया फिस्टुला*	अमलतास	कैसलपिनियासी
23.	*कैसिया सियामिया*	कासिद	कैसलपिनियासी
24.	*कॉर्डिया मिक्सा*	गुंदा, लिसोदा	एह्रेटिएसी
25.	*क्रैटेवा रिलिजियोसा*	वार्ना	कैपरेसी
26.	*डायोस्पायरोस मेलेनोक्सिलोन*	टेनडु	एबेनेसी
27.	*एम्ब्लिका ऑफिसिनैलिस*	अमला	यूफोर्बिएसी
28.	*एरीथ्रिना सुबेरोसा*	धेड खाखरो	पैपिलिओनेसी
29.	*फ़िकस बेंगालेंसिस*	बाद	मोरेसी
30.	*फ़िकस रिलिजिओसा*	पीपल	मोरेसी
31.	*फ़्लाकोर्टिया मोंटाना*	कंकन	फ़्लाकोर्टियासी
32.	*गमेलिना आर्बोरे*	सीवान	वर्बेनेसी
33.	*ग्रेविया टेनैक्स*	गंगेती	टिलियासी
34.	*ग्रेविया टिलियाफोलिया*	धामन	टिलियासी
35.	*होलोप्टेलिया इंटीग्रिफोलिया*	चुरेल	उलमेसी
36.	*हाइमेनोडिक्टियोन एक्सेलसम*	लुनियो	रुबियाका
37.	*मधुका इंडिका*	महुवा	सैपोटेसी
38.	*मैलोटस फिलपेंसिस*	काकोन	यूफोर्बिएसी
39.	*मैंगीफेरा इंडिका*	आम	एन्कार्डिएसी
40.	*मेलिया अज़ाडेराच*	बकेन	मेलियासी
41.	*मिलियुसा टोमेंटोसा*	उमि	एनोनेसी
42.	*मित्राग्यना परविफ्लोरा*	कलाम	रुबियाका
43.	*मोरिंगा ओलीफेरा*	सहजना	मोरिंगेसी
44.	*ओरोक्सीहम इंडिकम*	टेंटू, फ़ार्री	बिग्नोनियाकुल
45.	*फीनिक्स सिल्वेस्ट्रिस*	खजूर	पल्मे
46.	*पिथेसेलोबियम डुलस*	जंगल जलेबी	मिमोसैसी
47.	*पोंगामिया पिनाटा*	करंज	पैपिलिओनेसी
48.	*प्रोसोपिस सिनेरिया*	खिजड़ो	मिमोसैसी
49.	*प्रोसोप्स जूलीफ्लोरा*	विलायती बाबुल	मिमोसैसी
50.	*पेरोकार्पस मार्सुपियम*	बीजा साल	पैपिलिओनेंस

IndiaCode

51.	*सैपिंडस इमर्जिनाटस*	अरिथा	सैपिन्डेसी
52.	*श्रेबेरा स्विटेनोइड्स*	मोखो	ओलेसी
53.	*सोयामिडा फैब्रीफुगा*	रोयान	मेलियासी
54.	*स्टरकुलिया यूरेन्स*	कादाया	स्टर्कुलिएसी
55.	*सियाजियम क्यूमुनि*	जामुन	मायर्टेसी
56.	*सिज़ीजियम हेनियामम*	मक्कानिया जम्बू	मायर्टेसी
57.	*टामारिंडस इंडिका*	इमली	कैसलपिनियासी
58.	*टेक्टोना ग्रैंडिस*	सागवान	वर्बेनेसी
59.	*टर्मिनलिया अर्जुन*	कोहड़ा	कॉम्ब्रीएटेसी
60.	*टर्मिनलिया बेलारिका*	बहेड़ा	कॉम्ब्रीएटेसी
61.	*राइटिया टिनक्टोरिया*	दूधिया	अपोसायनेसी
62.	*राइटिया टोमेंटोसा*	दूधिया	अपोसायनेसी
63.	*ज़ायज़िफ़स मॉरिटियाना*	बोर्डी	रम्मासी
64.	*ज़ायज़िफस जाइलोफोरा*	घाट बोर	रम्मासी

IndiaCode

झाड़ियां

क्र.सं.	वानस्पतिक नाम	सामान्य नाम	कुल
1.	*अधातोडा वेसिका*	अर्डुसा	एकैंथेसी
2.	*एगेव अमेरिकाना*	केताकी	एगेवेसी
3.	*कैलोट्रोपिस गिगेंटीन*	अक्डो	एस्क्लेपियाडेसी
4.	*कैलोट्रोपिस प्रोसेरा*	अक्डो	एस्क्लेपियाडेसी
5.	*कैपेरिस डेसीडुं*	केर	कैपरेसी
6.	*कैपेरिस ग्रैंडिस*	पांडन बोर	कैपरेसी
7.	*कैपेरिस सेपिएरिया*	कंथेर	कैपरेसी
8.	*कोरिसा कंजेस्टा*	कारामदा	अपोएनेसी
9.	*कैसिया ऑरिकुलाटा*	अवाल	कैसलपिनियासी
10.	*कैसिया ऑक्सीडेंटलिस*		कैसलपिनियासी
11.	*क्लेरोडेंड्रोमस फ़्लोमिडिस*	अरानि	वर्बेनेसी
12.	*डेनेड्रोकोलामस स्ट्रिक्टस*	बाँस	पोएसियल
13.	*डेंड्रोथोप फुलकुटा*	वाही – हांकल	लोरार्थेसी
14.	*डाइक्रोस्टैचिस सिनेरा*	गोया खैर	मिमोसैसी
15.	*यूफोरबिया नेरीफोलिया*	थोर	यूफोर्बिएसी
16.	*यूफोरबिया निवुलिया*	थोर	यूफोर्बिएसी

17.	*हेलिक्टेरेस आइसोरा*	मरोड़ फाल्ली	स्टर्कुलिएसी
18.	*होलारेना एंटीडिसेंटेरिका*	कादवा	अपोसायनेसी
19.	*हिबिस्कस लोबेटस*	कादवा	मालवेसी
20.	*जेट्रोफा कारकस*	रत्तन जोत	यूफोर्बिएसी
21.	*जेट्रोफा गॉसिपिफ़ोलिया*	छोटी रत्तन जोत	यूफोर्बिएसी
22.	*किर्गानेलिया रेटिकुलाटा*	कंबोरी	एस्क्लेपियाडुसी
23.	*लेप्टाडेनिया पायरोटेक्निका*	खींप	मिमोसैसी
24.	*मिमोसा हुमाता*	अइला	निक्टोगिनेसी
25.	*निकटेन्थेस आर्बर-ट्रिस्टिस*	टामटा	प्लुनबेगिनेसी
26.	*प्लंबेगो ज़ेलेनिका*	चित्रक	यूफोर्बिएसी
27.	*रिकिनस समुदाय*	अराउंडो	यूफोर्बिएसी
28.	*सिक्यूरिनस ल्यूकोपाइरस*	शेनवी	यूफोर्बिएसी
